ई-न्यूज

24 न्यूज अपडेट

WebSite.: https://24newsupdate.in

उदयपुर, शनिवार 08 नवम्बर 2025

Mail Id :desk24newsupdate@gmail.com

वर्ष 2 अंक 194

राजस्थान में 2 दिन में पारा 10° गिरा: MP के भोपाल-इंदौर में रात में सर्दी बढ़ी, दिल्ली में AQI 400 पार, ये रेड जोन



24 न्यूज अपडेट

वेस्टर्न डिस्टरबेंस से उत्तर भारत के राज्यों, जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल, उत्तराखंड में हुई बर्फबारी ने मैदानी राज्यों में सर्दी तेज कर दी। राजस्थान में दो दिन के अंदर पारा 10C गिरा है। सबसे ज्यादा सर्दी नागौर में रही, यहां का मिनिमम टेम्प्रेचर 6.7C रिकॉर्ड हुआ।

मध्य प्रदेश में नवंबर के पहले सप्ताह में ही ठिठुरन बढ़ने लगी है। राजधानी भोपाल में पारा 8.4C रिकॉर्ड किया गया। जो पिछले 10 साल दूसरी नंबर का सबसे कम तापमान है। नवंबर 2024 में न्यूनतम तापमान 8.2C रिकॉर्ड किय गया था।

इधर दिल्ली में शनिवार सुबह का तापमान 11C रिकॉर्ड हुआ। जो कि एवरेज से 3C कम है। दिल्ली में दिन का अधिकतम तापमान 28.6C दर्ज किया गया, जो सामान्य से 0.9C कम है।


वहीं शुक्रवार को दिल्ली में वायु प्रदूषण का स्तर 400 AQI के पार हो गया। इसके साथ ही दिल्ली रेड जोन में पहुंच गया है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के अनुसार, शाम 4 बजे तक 24 घंटे का औसत AQI 361 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है।

राष्ट्रीय राजधानी की हवा लगातार जहरीली होती जा रही है। शनिवार को कई इलाकों में वायु गुणवत्ता सूचकांक (AQI) 400 के पार पहुंच गया, जिससे दिल्ली देश के सबसे प्रदूषित शहरों में शामिल हो गया है।

केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (CPCB) के अनुसार, शाम 4 बजे तक 24 घंटे का औसत AQI 361 दर्ज किया गया, जो 'बहुत खराब' श्रेणी में आता है।

अलीपुर में AQI 404, ITO पर 402, नेहरू नगर में 406, विवेक विहार में 411, वजीरपुर में 420 और बुराड़ी में 418 AQI दर्ज किया गया। एनसीआर में नोएडा का AQI 354, ग्रेटर नोएडा का 336 और गाजियाबाद का 339 रहा।

EPF ट्रांसफर अब ऑटोमैटिक होगा: नौकरी बदलते ही PF बैलेंस 2-3 दिन में नए अकाउंट में आएगा; पहले इसमें महीनों लगते थे



24 न्यूज अपडेट

नौकरी बदलने पर अब EPF ट्रांसफर के लिए फॉर्म भरने या इंतजार करने की जरूरत नहीं होगी। EPFO ने अब ऑटोमैटिक ट्रांसफर सिस्टम शुरू कर दिया है, जो 2025 से पूरी तरह लागू हो जाएगा। इससे करोड़ों कर्मचारियों का PF बैलेंस अपने आप नए एम्प्लॉयर के अकाउंट में ट्रांसफर हो जाएगा।

पुराना तरीका: ट्रांसफर में महीनों लगते थे

पहले नौकरी बदलते ही कर्मचारियों को Form-13 भरना पड़ता था। फिर पुराने और नए एम्प्लॉयर से वैरिफिकेशन करवाना होता था। इसमें 1-2 महीने लग जाते थे।

कई बार क्लेम रिजेक्ट हो जाता या इंटरेस्ट का नुकसान होता था। EPFO के डेटा के मुताबिक, हर साल लाखों क्लेम पेंडिंग भी रहते थे। अब नए नियमों से ये सब दिक्कतें खत्म हो जाएंगी।

कैसे काम करेगा नया सिस्टम

कर्मचारी नई जॉब जॉइन करेगा, तो नया एम्प्लॉयर UAN लिंक करेगा।

EPFO पोर्टल पर आधार और KYC से ऑटो वैरिफिकेशन होगा।

पुराना PF बैलेंस डायरेक्ट नए अकाउंट में ट्रांसफर हो जाएगा।

कोई पेपर-वर्क नहीं, ट्रांसफर 3 से 5 दिन में पूरा हो जाएगा।

मेन कंडीशन: UAN एक्टिवेट और आधार से लिंक होना चाहिए।

कर्मचारियों को 5 बड़े फायदे मिलेंगे

टाइम बचत: महीनों की बजाय कुछ दिनों में ट्रांसफर।

कोई डॉक्यूमेंट अपलोड नहीं, ऑटो प्रोसेस होगा।

इंटरेस्ट कंटिन्यू रहेगा, कोई लॉस नहीं होगा।

रिटायरमेंट पर पूरा अमाउंट एक जगह मिलेगा।

जॉब स्विचिंग आसान, खासकर प्राइवेट सेक्टर वालों के लिए।

चार दिन में सड़क सुरक्षा अभियान का बड़ा असर: 1.33 लाख लोग हुए जागरूक, 16 हजार चालकों पर कार्रवाई, 6500 चालान, 33 रजिस्ट्रेशन रद्द



24 न्यूज अपडेट

जयपुर, 8 नवम्बर। मुख्यमंत्री श्री भजन लाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 4 से 18 नवम्बर तक प्रदेशव्यापी 15 दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान राज्य में वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने और नियमों के उल्लंघन पर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित करने के लिए संबंधित विभाग समन्वित रूप से कार्य कर रहे हैं।

पुलिस विभाग की प्रदेश में व्यापक कार्रवाई

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत पुलिस विभाग यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों पर निरंतर सख्त कार्रवाई कर रहा है। अभियान के तहत 4 से 7 नवंबर तक शराब पीकर वाहन चलाने पर 2949, तेज गति से वाहन चलाने पर 16 हजार 160, गलत दिशा में वाहन चलाने पर 10 हजार 888, खतरनाक तरीके से वाहन चलाने पर 1199, बिना रिफ्लेक्टर वाहन चलाने पर 2863 तथा बिना नंबर प्लेट वाहन चलाने पर 6269 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। इस दौरान 1 लाख 33 हजार 988 नागरिकों को यातायात नियमों एवं सुरक्षित ड्राइविंग के प्रति जागरूक किया गया है।

प्रदेश के विभिन्न राजमार्गों पर एनएच-48 मॉडल के अनुरूप लेन ड्राइविंग सिस्टम लागू करने के लिए पुलिस जाप्तों के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही, लेन ड्राइविंग सुनिश्चित करने के लिए पुलिस टीमें तैनात रहीं और नियमों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग

चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने अभियान के तहत 7 नवंबर को राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर चलने वाले 1818 व्यावसायिक वाहन (ट्रक व बस) चालकों की नेत्र जांच कर 291 जरूरतमंद चालकों को चश्मे वितरित किए। विभाग द्वारा अब तक (7 नवंबर तक) 2279 चालकों की नेत्र जांच कर 402 चश्मे वितरित किए जा चुके हैं।

परिवहन विभाग – 163 के डी.एल निरस्त, 333 वाहन किए सीज

परिवहन विभाग एवं सड़क सुरक्षा विभाग ने सड़क सुरक्षा अभियान के तहत राज्य में नियमों का उल्लंघन करने पर अब तक (7 नवंबर तक) कुल 6552 वाहनों के चालान किए हैं। इसमें मालवाहक वाहनों पर ओवरलोडिंग के 453, इन वाहनों में यात्री पाए जाने पर 163 तथा अन्य नियमों का उल्लंघन करने पर 4356 मालवाहक वाहनों के चालान किए गए। यात्री वाहनों में क्षमता से अधिक यात्री पाए जाने पर 85, छत पर सामान रख संचालन करने पर 19 बसों तथा अन्य नियमों का उल्लंघन करने पर 741 यात्री वाहनों का चालान किया। इस दौरान परिवहन विभाग द्वारा 163 व्यक्तियों के ड्राइविंग लाइसेंस निरस्त किए गए, 33 वाहनों के रजिस्ट्रेशन रद्द किए गए तथा 333 वाहनों को सीज किया गया है। इस दौरान अन्य प्रकरणों में भी विभाग द्वारा चालान किए गए हैं।

संबंधित विभागों की समन्वित कार्यवाही-सड़क सुरक्षा अभियान के तहत राज्य सरकार के विभिन्न विभागों तथा जिला प्रशासन द्वारा प्रभावी कार्य किए जा रहे हैं। सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा विभिन्न जिलों में सड़क किनारे झाड़ियाँ हटाने, स्पीड ब्रेकर सही करने, चेतावनी, संकेतक एवं साइन बोर्ड लगाने, अनाधिकृत कट बंद करने आदि कार्य किए गए। नगरीय विकास एवं स्थानीय निकाय विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त करने, रोड़ लाइट्स दुरुस्त करने, निराश्रित पशुओं को सुरक्षित स्थान पर भेजने सहित विभिन्न कार्य किए गए।

बिहार में वोटिंग के बाद गड्ढे में मिली VVPAT की पर्चियां, DM बोले- एक्शन लिया जा रहा है

24 न्यूज अपडेट



बिहार के समस्तीपुर में पहले चरण के तहत मतदान हो चुका है. इसी बीच जिले के सरायरंजन विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत केएआरएस कालेज के पास शनिवार को गड्ढे में पोल्ड वीवीपैट का पर्ची मिलने की खबर से हड़कंप मच गया. तुरंत एक्शन में आए DM-SP : मामले की जानकारी के बाद खुद जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा, डीएम दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच की. इस मामले पर उन्होंने कहा कि सरायरंजन के डिस्पैच सेंटर के पास यह पर्चियां मिली हैं. इसमें सील्ड व कई अनसील्ड पर्ची भी पायी गयी है. प्रशासन ने एहतियातन सभी को सीज किया है. जांच के बाद ही पूरा मामला साफ होगा.


लापरवाह अधिकारियों पर होगा एक्शन-DM : डीएम ने कहा कि जिनकी भी लापरवाही सामने आएगी उसके ऊपर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी. यह पूरा टेक्निकल मामला है. इसमें किसी तरह का अफवाह नहीं फैलाया जाए. वैसे हर मशीन पर करीब एक हजार मॉक पोल्ड किया जाता है.

''विभिन्न दलों के प्रत्याशियों की मौजूदगी में उक्त Shredded एवं Unshredded पर्चियों को विधिवत जप्त करवाया गया है. उक्त स्थल सरायरंजन विधानसभा स्थित Dispatch Centre से लगभग 500 मीटर की दूरी पर अवस्थित है. घटना के संदर्भ में सरायरंजन थाना में विधिवत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक अनुसंधान करायी जा रही है. जिला प्रशासन द्वारा लापरवाही बरतने वाले कर्मियों को निलंबित किया जा रहा है. यह सभी पर्चियां कमिश्निंग के दौरान की माक पोल से संबंधित है, अतः इसका चुनाव की शुचिता पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा.''- रोशन कुशवाहा, डीएम

विपक्ष ने उठाया सवाल : इधर, भाकपा माले जिला स्थाई समिति सदस्य सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने पर्ची मिलने की मामले पर चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाया. कहा कि मामले की गंभीरता को देखते हुए उच्च स्तरीय जांच, हो और दोषियों पर कारवाई की जाए. इसमें कौन-कौन शामिल हैं आयोग इसका पर्दाफाश करे.

विजय चौधरी आजमा रहे भाग्य : दरअसल, सरायरंजन विधानसभा वीआईपी सीट है. सह बिहार के सियासत में भी काफी खास है. इस सीट से नीतीश कैबिनेट के मंत्री व जदयू नेता विजय कुमार चौधरी चौथी पर अपनी जीत को लेकर चुनावी मैदान में हैं.

सोने के दाम में लगातार तीसरे हफ्ते गिरावट: इस हफ्ते 670 कम हुआ; चांदी की कीमत 850 घटकर 1,48,275 किलो पर आई



24 न्यूज अपडेट

इस हफ्ते सोने-चांदी के दाम में गिरावट रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (IBJA) के अनुसार 31 अक्टूबर को सोना 1,20,770 प्रति 10 ग्राम पर था, जो 7 नवंबर तक 670 रुपए कम होकर 1,20,100 रुपए पर आ गया। यह लगातार तीसरा सप्ताह है जब सोने का भाव गिरा है। 17 अक्टूबर को सोना 1,29,584 प्रति 10 ग्राम पर था।

चैंपियन बनने से महिला क्रिकेटरों की ब्रांड वैल्यू 50% बढ़ी: जेमिमा की वैल्यू 1.5 करोड़, शेफाली की 1 करोड़ से ज्यादा हो गई



24 न्यूज अपडेट

वर्ल्ड कप जीतने के बाद भारत की महिला क्रिकेट टीम के प्लेयर्स की ब्रांड वैल्यू में 50% से ज्यादा का इजाफा हुआ है। PTI की रिपोर्ट के अनुसार टॉप परफॉर्मर्स जैसे स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा और जेमिमा रोड्रिग्स को अब इंडिविजुअल एंडोर्समेंट डील्स 1 करोड़ रुपए से ऊपर मिलने की उम्मीद है।

कई ऐसे ब्रांड्स है जो इन्हें अपने कैंपेन का चेहरा बनाना चाहते हैं। इनमें कार कंपनियों से लेकर बैंक FMCG, एथलीजर, लाइफस्टाइल, ब्यूटी, पर्सनल केयर और एजुकेशन कंपनियां शामिल हैं। टॉप महिला क्रिकेटर्स अब उस स्पेस में भी एंटर कर रही हैं जो पहले मेल-डॉमिनेटेड माने जाते थे।

JNUSU चुनाव परिणाम घोषित: चारों पदों पर लेफ्ट यूनिटी का कब्ज़ा, अदिति मिश्रा बनीं नई अध्यक्ष, ABVP और NSUI को बड़ा झटका



24 न्यूज अपडेट

नई दिल्ली। जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी छात्रसंघ (JNUSU) चुनाव 2025 के नतीजे घोषित कर दिए गए हैं। इस बार चारों केंद्रीय पदों पर लेफ्ट यूनिटी ने एकतरफा जीत दर्ज की है। AISA की अदिति मिश्रा ने अध्यक्ष पद (President) पर जीत हासिल कर जेएनयू की नई स्टूडेंट यूनियन प्रेसिडेंट बनी हैं। वहीं, SFI की किजाकूत गोपिका बाबू उपाध्यक्ष (Vice President), DSF के सुनील यादव महासचिव (General Secretary) और AISA के दानिश अली सह सचिव (Joint Secretary) चुने गए हैं।

लेफ्ट यूनिटी की मज़बूत वापसी

इस चुनाव में तीन लेफ्ट संगठनों — SFI (स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया), AISA (ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन) और DSF (डेमोक्रेटिक स्टूडेंट्स फेडरेशन) — ने मिलकर लेफ्ट यूनिटी अलायंस बनाया था। इन चारों उम्मीदवारों ने संयुक्त मोर्चे के तहत मैदान में उतरकर स्पष्ट बहुमत से जीत दर्ज की है।

ABVP और NSUI को बड़ा झटका

चुनाव में ABVP (अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद) और NSUI (नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया) दोनों ही कोई सीट नहीं जीत सकीं। ABVP की ओर से विकास पटेल, तान्या कुमारी, राजेश्वर कान्त दुबे और अनुज उम्मीदवार थे, जबकि NSUI ने विकास बिश्नोई, शेख शाहनवाज आलम, प्रीति मलिक और कुलदीप ओझा को मैदान में उतारा था।

4 नवंबर को हुई थी वोटिंग, रातभर चली काउंटिंग

JNUSU चुनाव के लिए मतदान 4 नवंबर को हुआ था। वोटिंग के तुरंत बाद देर रात से ही मतगणना शुरू कर दी गई थी। इस बार चार केंद्रीय पदों के लिए कुल 20 उम्मीदवार चुनावी मैदान में थे, जिनमें से चारों पद लेफ्ट यूनिटी के खाते में गए।

आंतरिक समिति (IC) चुनाव परिणाम भी जारी

इससे पहले 5 नवंबर को विश्वविद्यालय की आंतरिक समिति (Internal Committee) चुनाव के परिणाम घोषित किए गए थे। डीन ऑफ स्टूडेंट्स मनुराधा चौधरी ने बताया कि—

UG कैटेगरी से गर्विता गांधी,

PG कैटेगरी से श्रुति वर्मा, और PhD कैटेगरी से परन अमितावा को छात्र प्रतिनिधि (Student Representative) के रूप में चुना गया है।

ये तीनों प्रतिनिधि अब जेएनयू की आंतरिक समिति में अपने-अपने वर्गों की आवाज़ बनेंगे।

नया नेतृत्व, नई उम्मीदें

लेफ्ट यूनिटी की यह जीत जेएनयू में छात्र राजनीति के रुझानों को एक बार फिर स्पष्ट करती है।अदिति मिश्रा ने कहा — "हमारा संघर्ष सिर्फ विश्वविद्यालय तक सीमित नहीं है, बल्कि शिक्षा, समानता और लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा के लिए जारी रहेगा।"

संपादकीय : भागीदारी का लोकतंत्र

बिहार में विधानसभा के लिए हो रहे चुनाव के पहले चरण में गुरुवार को जिस पैमाने पर लोगों ने बढ़-चढ़ कर मतदान किया, उससे साफ है कि राज्य में लोकतंत्र को लेकर एक जरूरी सजगता है और मतदान के लिए लगी लंबी कतारों में उसी की अभिव्यक्ति दिखी। इस बार आंकड़ों के मुताबिक 64.66 फीसद मतदान हुआ, जिसे राज्य में हुए चुनावों में एक कीर्तिमान माना जा रहा है। इससे साबित होता है कि बिहार भले ही कई मानकों पर विकास की दौड़ में पिछड़ गया है, लेकिन वहां आज भी लोगों के भीतर अपने लोकतांत्रिक अधिकारों को लेकर अतिरिक्त जागरूकता है और आखिर यही हक राज्य को विकास की राह पर आगे बढ़ने का सबसे अहम कारक बनेगा। गौरतलब है कि पहले चरण के लिए राज्य के अठारह जिलों के एक सौ इक्कीस विधानसभा क्षेत्रों में मतदान हुआ। बाकी सीटों पर दूसरे चरण में 11 नवंबर को मतदान होगा। नतीजे 14 नवंबर को घोषित होंगे। लेकिन इसकी संभावना जताई जा रही है कि अगले चरण में भी मतदान का यही रुख बना रहेगा । अब स्वाभाविक ही ऐसे आकलन सामने आने लगे हैं कि क्या लोगों का इतनी भारी संख्या में मतदान के लिए निकलना सत्ता विरोधी रुझान का संकेत हो सकता है। वहीं सत्ताधारी पक्ष का अपना अनुमान है कि मतदाताओं का समर्थन फिर से उन्हें ही मिलेगा। नतीजा चाहे जो हो, लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता है कि कई अहम कारकों ने ज्यादा मतदान के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाईं। मसलन, बिहार में चुनाव से पहले जिस तरह मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया चली और बड़ी संख्या में लोगों के नाम बाहर हुए, उसमें मतदाताओं के भीतर अपने आपको सूची में बनाए रखने के लिए अतिरिक्त चिंता पैदा हुई इसे उन्होंने मतदान में हिस्सा लेकर जाहिर किया। वहीं, राज्य में छठ पर्व की वजह से दूसरे राज्यों से भी लोग भारी तादाद में अपने गांव पहुंचे होंगे और मतदान की तारीख उनकी शहर वापसी से ज्यादा दूर नहीं थी। इसके साथ अलग-अलग दलों की ओर से किए गए वादों और दी गई सुविधाओं का सवाल भी कसौटी पर है। एक ओर, सत्ताधारी राजग की ओर से मुख्यमंत्री महिला रोजगार योजना के तहत दस हजार रुपए महिलाओं के खाते में दिए गए, वहीं इंडिया गठबंधन ने महिलाओं के लिए माई-बहन योजना और हर परिवार को सरकारी नौकरी के अलावा अन्य वादे किए हैं। आम चुनाव हो या राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव, यह स्थिति एक समस्या के रूप में देखी गई है कि बहुत सारे मतदाता ऐसे भी होते हैं, जो मतदान के लिए ज्यादा रुचि नहीं दिखाते हैं। ऐसे लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करने को लेकर निर्वाचन आयोग को अलग से जागरूकता अभियान चलाना पड़ता है। जबकि किसी भी नागरिक को चुनाव में मतदान को अपनी एक जवाबदेही के रूप में देखना चाहिए। हालांकि यह भी एक पक्ष हो सकता है कि किसी अनिवार्य वजह से कोई व्यक्ति मतदान न कर सके, लेकिन यह एक आम प्रवृत्ति नहीं होनी चाहिए। बिहार में लोगों के सामने सत्ता और विपक्ष के वादों की कसौटी जरूर है, लेकिन पहले चरण में भारी मतदान एक तरह से चुनावों में लोकतांत्रिक अधिकारों के लिए जरूरी सजगता और भागीदारी का एक अहम उदाहरण है।

सुरक्षा और संवेदना

उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों को लेकर एक बार फिर जो कहा है, वह जन सुरक्षा के लिहाज से अहम है। दरअसल, संस्थागत क्षेत्रों और राजमार्गों से इन्हें हटाने के आदेश को व्यापक परिप्रेक्ष्य में लेने की जरूरत है। इसमें कोई दोराय नहीं कि न केवल राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, बल्कि देशभर में आवारा कुत्तों की समस्या गंभीर है। इस संबंध में मीडिया रपटों को अदालत ने कुछ समय पहले संज्ञान में लिया था। तब अदालत ने स्पष्ट कर दिया था कि लोगों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इस बार भी अदालत ने अपने आदेश में जन सुरक्षा को केंद्र में रखा है। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत की विशेष पीठ ने शुक्रवार को आवारा कुत्तों के मामले में कई बातें कहीं। अदालत ने शैक्षणिक केंद्रों, अस्पतालों, रेलवे स्टेशनों और बस अड्डों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटे जाने की बढ़ती घटनाओं को संज्ञान में लिया है। इस बार अधिकारियों को सचेत किया गया है। न्यायालय ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण सहित सभी प्राधिकारियों को आदेश दिया है कि राजमार्गों से आवारा कुत्तों और अन्य मवेशियों को हटा कर निर्दिष्ट आश्रय स्थलों में ले जाया जाए। राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को स्थानीय नगर निकायों के माध्यम से ऐसे संस्थागत क्षेत्रों की पहचान करनी होगी जहां आवारा कुत्ते पाए जाते हैं। मनुष्य और पशु के बीच लगातार जटिल होते इस मसले पर अदालत ने सख्त रुख दिखाया है। आवारा कुत्तों का प्रबंधन, सुरक्षा और स्वास्थ्य उसकी प्राथमिकता में हैं। सवाल है कि गंभीर होती गई इस समस्या के लिए कौन जिम्मेदार है ? यह कहना गलत न होगा कि पशु जन्म नियंत्रण नियमों को गंभीरता से लिया गया होता, तो आवारा कुत्तों की संख्या बेतहाशा नहीं बढ़ती और न ही उन्हें सड़कों से उठाने की नौबत आती। हालांकि पिछली बार अदालत ने अपने संशोधित आदेश में कुत्तों के बंध्याकरण और टीकाकरण के बाद उन्हें उसी जगह छोड़ने का निर्देश दिया था। मगर इस बार का आदेश स्पष्ट है। अब अधिकारियों को राजमार्गों और संस्थागत क्षेत्रों से आवारा कुत्तों और अन्य जानवरों को हटाना होगा। उन्हें दोबारा उसी जगह नहीं छोड़ा जा सकेगा। अदालत ने दरअसल मानवीय संवेदना और जन सुरक्षा के सवालों के बीच एक संतुलन के तकाजे पर जोर दिया है।

यूडीए वाले अब तक मर गए थे क्या जो जिंदा होकर आ गए...
तख़तसिंहजी की 20 प्लॉट जितनी जमीन ...मिले तो जूता ठोकें!!



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। क्या उदयपुर भाजपा के कुछ नेता जमीन की दलाली के मास्टरपीस बनकर जनता को बर्बाद कर रहे हैं। उनकी बरसों की पूंजी को लूट रहे हैं। पार्टी के शुचिता और राष्ट्रवाद वाले नारे की आड़ में लूट का खुला खेल खेल रहे हैं। इन पर कोई बंदिश नहीं है क्योंकि पूरा नेक्सस सक्रिय है जिसमें यूडीए के बड़े बड़े अफसरान शामिल हैं। मोटे हाथी खुद माल बनाते हैं, माल ऊपर तक एक्सपोर्ट करते हैं और जनता को बेवकूफ बनाते हैं। क्या उदयपुर भाजपा ऐसे लोगों को अपनी पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाने में हिचक रही है? आंतरिक जांच तक का ऐलान नहीं होना दिखा रहा है कि सबके हाथ कहीं रंगे हुए तो नहीं? सवीना खेड़ा स्थित बड़ी कोटलिया क्षेत्र में उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) की तोड़फोड़ की कार्रवाई के बाद यह सवाल पब्लिक की जुबान पर है। इसका जवाब देर सवेर भाजपा को, यहां के प्रशासन को देना ही होगा। लोग बरसों तक लुटते रहे, यूडीए को खबर तक नहीं लगी कि उसकी जमीन पर क्या हो रहा है। अफसर नींद में हैं या फिर ऑवर स्मार्ट हैं। यूडीए आयुक्त राहुल जैन आखिर किसके लिए काम कर रहे हैं, जनता के लिए या फिर जमीन माफिया वाली पॉलिटिकल सपोर्ट वाली लॉबी के लिए। विधायक महोदय प्रेसवार्ता में मासूमियत से कहते हैं कि यूडीए के पास मेन पावर की कमी है। लेकिन यहां तो पूरा का पूरा अमला निर्माण तोड़ने पहुंच रहा है। दल-बल के साथ। लेकिन इसके पीछे लालच का जो दल-दल और उसमें पड़े हुए दल-दल हैं उसको कौन देखेगा। यह मानसिकता लगभग आपराधिक है कि पहले अतिक्रमण होने दो, उसके बाद उसे गिराने पहुंच जाओ। पॉलिटिकल आकाओं को खुश करने। जब बन रहे हों तब जमकर पैसा कूटो, करोड़ों का अवैध माल बनाओ। सिस्टम की गंदी मछलियां पॉलिटिकल और एडमिनिस्ट्रेटिव दोनों ही क्षेत्र को उदयपुर में दीमक की तरह खा रही हैं। ये पिस्सू जनता का खून चूसने के बाद भी रुक नहीं रहे हैं। कभी इनको हमारे पहाड़ चाहिए रिसोर्ट बनाने के लिए तो कभी नदियां चाहिए करोड़ों को बेशर्मी से बहाने के लिए। प्राकृतिक संसाधनों के हत्यारे रुक ही नहीं रहे क्योंकि सब तरफ मिलीभगत का खेल है। कोई जवाबदेही बची ही नहीं है। विधायक खुद खुलेआम कहते हैं कि, बड़े नेता सरेआम कहते हैं कि हम राहुल को लाए हैं। हम नमित मेहता को लाए हैं। ये अफसर जनता के पैसों से तनख्वाह पाते हैं मगर मानते केवल नेताओं की है। ऐसे में आमजन जाएं तो कहां जाएं। ज्ञापनों के ढेर कूड़ेदान में हैं। सिस्टम जार-जार रो रहा है।

पीड़ितों ने कहा—झूठ बोल रहे श्रीमालीजी और फूलसिंह जी



विरोध में शनिवार को पीड़ित लोग संभागीय आयुक्त कार्यालय में ज्ञापन देने गए। वहां से आश्वासन मिला कि जो भी उचित होगा, किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गरीबों के मकान चले गए, जीवन भर की कमाई चली गई। पचास से ऊपर परिवारों के पास कुछ भी नहीं बचा है। फूलसिंह जी जो कह रहे हैं, वह सच नहीं है। पुराने कब्जे तोड़ने की बात भी सच नहीं है। कुछ लोग पंद्रह साल से भी यहां रह रहे हैं। 2012 में यूआईटी में पेनल्टी भरी गई है। जिसके भी नाम पर जमीन अलॉट हुई उसकी पेनल्टी भरी गई। रविन्द्र श्रीमाली जी का कहना भी सही नहीं है कि 2017-18 में यहां कोई नहीं था।

अवैध थे तो रोड क्यों बनाई, टंकी किस फंड से बनी?



बस्ती में पानी की टंकी तक बनाई हुई है। बिजली-पानी के कनेक्शन हैं। सीसी रोड बनी है, पोल लगे हुए हैं। मतलब यही हुआ कि जनता पोल लगा रही है, जनता रोड बना रही है?? टंकी ऐसे ही बन गई क्या? लोगों ने बना दी। सब कुछ राजस्व फंड से बना है। सरकारी स्तर पर भी फंड रिलीज़ हुआ है। तब सरकार ध्यान नहीं दे रही थी तो सुविधाएँ किसके लिए दी?? किसके कार्यकाल में फंड आया, किसने काम करवाया। इसकी भी तो फाइलें सरकारी तंत्र में मौजूद हैं। पीड़ितों ने कहा कि मकान के पास तक नहीं आने दिया और सामान बिना हटाए ही ढहा दिए। उसके बाद से पुलिस की ओर से लगातार धमकियाँ दी जा रही हैं। सबको खाली करने का फरमान है। हमने मकान खरीदा है, जमीनें खरीदी हैं। पीड़ित लोगों ने कहा कि हमारे लाखों रुपये लग गए जिन्हें धूल में मिला दिया गया।

हम कोई लखपति नहीं, बाप-दादाओं की जमीन



हम कोई लखपति तो हैं नहीं। इतना सारा काम हो गया तब कहां चले गए थे? एक- दो मकान बनते समय ही बता दिया जाना चाहिए कि ये मकान किस हिसाब से बन रहे हैं। लाइट कनेक्शन हो गए, नाली-रोड, पानी सब दे दिया उस समय कहां चले गए। ये सब यहां के लोगों के लिए ही तो दिए गए थे। ये सब नहीं होते तो लोग यहां जमीन ही नहीं लेते। हमारे बाप-दादाओं ने यहां झोपड़ियों में जिंदगी बिताई है।

हम सब एक-एक करके टंकी पर चढ़ेंगे



हम कोई लखपति तो हैं नहीं। इतना सारा काम हो गया तब कहां चले गए थे? एक- दो मकान बनते समय ही बता दिया जाना चाहिए कि ये मकान किस हिसाब से बन रहे हैं। लाइट कनेक्शन हो गए, नाली-रोड, पानी सब दे दिया उस समय कहां चले गए। ये सब यहां के लोगों के लिए ही तो दिए गए थे। ये सब नहीं होते तो लोग यहां जमीन ही नहीं लेते। हमारे बाप-दादाओं ने यहां झोपड़ियों में जिंदगी बिताई है। अतिक्रमण दस्ते ने बात तक नहीं की, हमसे परिचय तक नहीं पूछा और कार्रवाई कर दी। अब हम आर-पार की लड़ाई लड़ेंगे। नेता सब आश्वासन दे रहे हैं। घुमा रहे हैं। जिसने जीवन भर की पूंजी लगा दी वह जार-जार रो रहा है।

यूडीए वाले अब तक मर गए थे क्या जो अब जिंदा होकर आ गए



लोगों ने कहा कि ऐसा तो है नहीं कि हमें किसी ने फोकट में मकान अलॉट कर दिए और हम यहां पर आकर रहने लग गए। नए और पुराने का अंतर करना राजनीतिक चाल है। जब नए बन रहे थे उस समय अतिक्रमण वाले क्यों नहीं आए? पहले आ जाते तो झोपड़े को तोड़ करा दीवार ही नहीं उठाते। हमारे लिए कोई हक की, कोई मुआवजे की बात तक नहीं कर रहा है। यूडीए की जमीन है तो बोर्ड कहां पर है, उसकी हदबंदी कहां पर है। अब तक मर गए थे क्या जो अब जिंदा होकर आ गए। नेताओं ने ले रखा है हमने भी लिया। तख़तसिंह जी की 20 प्लॉट जितनी जमीन ली। मिले तो जूता ठोकें। हम दिनभर बाहर काम करके मजदूरी करते हैं, तब पेट पालते हैं, ऐसे में मकान टूट जाएं तो हम कहां जाएं, किसके सामने पीड़ा रखें—पाई-पाई जोड़ कर मकान बनाए हैं।

'पर्ची सरकार ने अत्याचार में अंग्रेजी हुकूमत को भी पीछे छोड़ दिया' - कचरू लाल चौधरी



24 न्यूज अपडेट

यूडीए की कार्रवाई के विरोध में देहात कांग्रेस का दौरा, पीड़ितों को पुनः आशियाना दिलाने की मांग

उदयपुर, 8 नवम्बर। सवीना खेड़ा स्थित बड़ी कोटलिया क्षेत्र में उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) द्वारा की गई तोड़फोड़ कार्रवाई के विरोध में शनिवार को उदयपुर देहात कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल मौके पर पहुंचा और प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर न्याय की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासनिक कार्रवाई को अमानवीय बताते हुए पीड़ितों को पुनः आशियाना उपलब्ध कराने और जिम्मेदार अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

देहात जिला कांग्रेस अध्यक्ष कचरू लाल चौधरी के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. संजीव राजपुरोहित, जिला परिषद सदस्य कामिनी गुर्जर, महिला कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व वार्ड प्रत्याशी शांता प्रिंस, पूर्व पार्षद मदन सिंह बाबरवाल, देहात कांग्रेस सचिव चंद्रवीर गुर्जर, अभाव अभियोग प्रकोष्ठ अध्यक्ष लक्ष्मी लाल सोनी, दिनेश औदिच्य, बगदी लाल जैन, भंवर लाल जैन, भगवती डांगी, ओम डांगी, चंद्रशेखर सांखला, भुवनेश राव सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ता शामिल रहे। कचरू लाल चौधरी ने पीड़ित परिवारों से संवाद करते हुए कहा कि "राज्य में जबसे 'पर्ची सरकार' बनी है, तबसे गरीब, शोषित और वंचित वर्ग की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है। उदयपुर विकास प्राधिकरण की यह मनमानी कार्रवाई अंग्रेजी हुकूमत के अत्याचारों की याद दिलाती है। बल्कि कहा जाए तो 'पर्ची सरकार' ने तो अन्याय में अंग्रेजों को भी पीछे छोड़ दिया है।" उन्होंने कहा कि क्षेत्र के निवासी पिछले 10 से 15 वर्षों से यहां रह रहे हैं। उन्हें बिजली और पानी के नियमित कनेक्शन दिए गए हैं, यहां तक कि जल विभाग ने बड़ी टंकी का निर्माण भी कराया है। "अगर यह अवैध था, तो इतने वर्षों तक अधिकारी मौन क्यों रहे? और अचानक अब ऐसा क्या दबाव आया कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था किए वर्षों पुराने मकानों को तोड़ दिया गया?" चौधरी ने सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि एक गरीब व्यक्ति अपने जीवन की पूरी कमाई लगाकर मकान बनाता है। "यूडीए ने यह कार्रवाई कर न केवल उनके घर, बल्कि उनके सपनों को भी ढहा दिया है। कांग्रेस इसे बर्दाश्त नहीं करेगी और पीड़ित परिवारों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर संघर्ष करेगी।" देहात जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ. संजीव राजपुरोहित ने कहा कि कांग्रेस संगठन पीड़ित परिवारों के पुनर्वास तक संघर्ष जारी रखेगा। चौधरी ने राज्य सरकार से मांग की है कि यूडीए की कार्रवाई की उच्चस्तरीय जांच कर दोषी अधिकारियों को दंडित किया जाए और सभी पीड़ित परिवारों को शीघ्र आवास उपलब्ध कराया जाए।

यूडीए की कार्रवाई पर माकपा का हल्ला बोलः 'राज की ताकत से बेदखली नहीं चलेगी, जहां चूल्हा वहीं घर मिलना चाहिए'



24 न्यूज अपडेट

भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) जिला कमेटी उदयपुर ने सविना पंचायत के बड़ीगढ़ कोटडिया फला में उदयपुर विकास प्राधिकरण (यूडीए) द्वारा 72 मकानों पर चलाए गए बुलडोजर की कार्रवाई को अमानवीय और जनविरोधी बताया है। इस घटना के बाद माकपा जिला सचिव का. राजेश सिंघवी, राज्य कमेटी सदस्य का. विमल भगोरा, शहर सचिव का. हीरालाल सालवी और शहर कमेटी सदस्य का. शमशेर खान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने मौके पर पहुंचकर प्रभावित परिवारों से मुलाकात की और जनसभा कर समस्याएं सुनीं। ग्रामीणों ने बताया कि यह कार्रवाई भाजपा नेताओं के इशारे पर की जा रही है। वर्षों से बसे गरीबों को बेदखल कर अब वहां कॉलोनी बनाकर नीलामी की तैयारी है। ग्रामीणों ने सवाल किया — "हम पीढ़ियों से यहां बसे हैं, अब जाएं तो कहां जाएं?" माकपा जिला सचिव राजेश सिंघवी ने कहा कि "लाल झंडे ने उदयपुर शहर में लाखों गरीबों को सड़क से उठाकर घर में बसाया था, लेकिन आज सत्ता में बैठे वही लोग जो 'हर नागरिक को आवास' का दावा करते हैं, उन्हीं के आदेश पर गरीबों के सिर से छत छीनी जा रही है।" राज्य कमेटी सदस्य विमल भगोरा ने कहा कि "सरकार राज की ताकत से नहीं, सहानुभूति और संवाद से काम करे। हमारी मांग है — जहां चूल्हा, वहीं घर मिले। जिन परिवारों के घर तोड़े गए, उन्हें नीलामी की बजाय डीएलसी दर पर पट्टे दिए जाएं।" शहर सचिव हीरालाल सालवी ने कहा कि "सरकार का काम बसाना है, उजाड़ना नहीं। मगर यही सरकार उद्योगपतियों को एक रुपये गज में जमीन दे रही है, जबकि गरीब सिर्फ सिर ढकने की जगह मांग रहा है।" शहर कमेटी सदस्य शमशेर खान ने कहा कि "प्रधानमंत्री मोदी एक तरफ हर नागरिक को आवास देने की बात करते हैं, वहीं उनके अनुयायी गरीबों के घरों पर बुलडोजर चला रहे हैं — राजेश सिंघवी ने कहा — "जिन्होंने गरीबों के आशियाने तोड़े, वही अब उनके हितैषी बन रहे हैं — यह तो वही बात हुई कि अपराधी ही जज और वकील बन बैठे।" माकपा ने पीड़ितों को भरोसा दिलाया कि पार्टी उनके साथ है और आवास के अधिकार की लड़ाई में हर कुर्बानी देने को तैयार है।

सब इंस्पेक्टर (टेलीकॉम) के 98 पदों पर भर्ती एग्जाम कल: 5 संभाग मुख्यालयों पर बनाए 218 सेंटर, 67 हजार 757 कैंडिडेट्स रजिस्टर्ड



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा उप निरीक्षक दूरसंचार (गृह विभाग) परीक्षा-2024 का आयोजन 9 नवम्बर को किया जाएगा। यह परीक्षा कल पांच संभागीय मुख्यालयों अजमेर, जयपुर, जोधपुर, उदयपुर और बीकानेर में आयोजित की जाएगी।

यह भर्ती 98 पदों पर होगी। इसके लिए कुल 218 सेंटर बनाए गए है। इसमें 152 सरकारी और 66 प्राइवेट भवन है। परीक्षा के लिए 67 हजार 757 कैंडिडेट्स रजिस्टर्ड है। इसके लिए सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

वेबसाइट से करें एडमिट कार्ड अपलोड

प्रवेश-पत्र आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध एडमिट कार्ड लिंक के माध्यम से आवेदन-पत्र क्रमांक और जन्म दिनांक प्रविष्ट कर डाउनलोड कर सकते हैं। अतिरिक्त एसएसओ पोर्टल पर लॉगिन कर सिटिजन ऐप्स में उपलब्ध रिक्रूटमेंट पोर्टल लिंक से भी प्रवेश-पत्रों को डाउनलोड किया जा सकता है।

जयपुर से युवक का किडनैप कर 20 लाख मांगे: 65 किलोमीटर दूर उठा ले गए, हाथ-पैर बांधकर चलती कार से फेंका

24 न्यूज अपडेट



जयपुर में एक युवक का किडनैप कर 20 लाख रुपए की फिरौती मांगने का मामला सामने आया है। मारपीट कर बदमाश जबरन कार में डालकर उसे 65 KM दूर उठा ले गए। हाथ-पैर बांधकर जबरन मारपीट कर 1.50 लाख व गहने लूटकर चलती कार से फेंक फरार हो गए। जवाहर सर्किल थाने में पीड़ित युवक ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ लूट का मामला दर्ज करवाया है।

ASI रामराज ने बताया- दूदू के रहने वाले जगदीश सिंह (38) के साथ लूट की वारदात हुई है। जो 5 नवम्बर को देर शाम घर लौटने के लिए दुर्गापुरा पर वाहन का इंतजार कर रहा था। इस दौरान एक कार उसके पास आकर रुकी। कार सवारों ने उसको छोड़ने की कहकर बैठा लिया। कुछ दूरी पर जाने के बाद चलती कार में सवार चारों बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की। किडनैप कर उसको निवाई के पास सुनसान जगह ले गए।

20 लाख रुपए देने का दबाव बनाया

बदमाशों ने बंधक बनाकर 20 लाख रुपए की फिरौती मंगवाने का दबाव बनाया। जमकर मारपीट कर बदमाशों ने ऑनलाइन 1.50 लाख रुपए लूट लिए। पहनी हुई सोने की अंगूठी, चांदी का कड़ा व डेबिट कार्ड भी छिन लिया। उसके हाथ-पैर और मुंह बांधकर बदमाशों ने कार में पटक लिया।

चलती कार से फेंका

चाकसू के पास चलती कार से बंधक बनाए जगदीश को फेंककर बदमाश फरार हो गए। ग्रामीणों की मदद से पीड़ित ने जैसे-तैसे खुद को खुलवाया। जवाहर सर्किल थाने में पीड़ित ने किडनैप कर लूट का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने FIR दर्ज कर पीड़ित का मेडिकल करवाया है। पुलिस वारदातस्थल के आस-पास लगे CCTV फुटेजों को खंगालने के साथ बदमाशों की तलाश कर रही है।वहीं, शिकायतकर्ता शाखा प्रबंधक अभिनंदन जैन ने इस संबंध में किसी तरह की जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा कि वे इस मामले में कुछ भी कहने के लिए अधिकृत नहीं हैं।

राजस्थान में 15 मौतों पर SC ने लिया स्वतः संज्ञान: PIL दर्ज, 10 नवंबर को होगी सुनवाई; फलोदी में ट्रक से टकराया था टेंपो ट्रेवलर



24 न्यूज अपडेट

फलोदी जिले के मतोड़ा में 2 नवंबर को हुए भीषण सड़क हादसे पर सुप्रीम कोर्ट ने स्वतः (स्वप्रेरणा से) संज्ञान लेते हुए जनहित याचिका (PIL) दर्ज की है। इस हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 10 महिलाएं और 4 बच्चे शामिल थे।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जे.के. माहेश्वरी और जस्टिस विजय बिश्नोई की पीठ ने 6 नवंबर को इस पर स्वप्रेरणा से संज्ञान लिया। कोर्ट के निर्देश पर दर्ज की गई इस PIL पर 10 नवंबर को प्रारंभिक सुनवाई होगी। इससे पहले 4 नवंबर को राजस्थान हाईकोर्ट ने भी राज्य में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर स्वप्रेरणा से PIL दर्ज की थी।

जस्टिस डॉ. पुष्पेंद्रसिंह भाटी और जस्टिस अनुरूप सिंघी की पीठ ने रोड एंड पब्लिक सेफ्टी को लेकर PIL दर्ज की। हाईकोर्ट ने कहा था कि हाल की घटनाओं ने अदालत को सड़क सुरक्षा की तात्कालिकता पर जोर देने के लिए मजबूर किया है।

सड़क सुरक्षा पर हाईकोर्ट की चिंता

राजस्थान हाईकोर्ट ने केंद्र और राज्य सरकार से विस्तृत जवाब मांगा है। 5 वकीलों को न्याय मित्र नियुक्त करते हुए उन्हें सड़क सुरक्षा के नियामक ढांचे को मजबूत करने के लिए ठोस कदमों का सुझाव देने का निर्देश दिया है।

कोर्ट ने संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत जीवन के मौलिक अधिकार का हवाला देते हुए कहा था कि अदालत एक निष्क्रिय दर्शक नहीं रह सकती जब ऐसी टालने योग्य घटनाएं लगातार जीवन के अधिकार को कमजोर करती रहें। राजस्थान में पिछले कुछ हफ्तों में सड़क हादसों में 100 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है।

भारत माला एक्सप्रेस-वे पर हुआ था हादसा

दरअसल, 2 नवंबर की शाम भारत माला एक्सप्रेस-वे पर मतोड़ा थाना क्षेत्र में श्रद्धालुओं की टेंपो ट्रैवलर एक ढाबे के सामने गलत तरीके से खड़े किए गए ट्रक में जा घुसी। यह टक्कर इतनी जोरदार थी कि टेंपो ट्रैवलर पूरी तरह बिखर गई और अगला हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।

इस दुर्घटना में 10 महिलाएं, 4 बच्चे और टेंपो का ड्राइवर सहित 15 लोगों की मौत हो गई थी। गाड़ी सवार सभी लोग जोधपुर से बीकानेर तीर्थयात्रा करने गए थे। जोधपुर लौटते समय उनकी गाड़ी ट्रक से टकरा गई थी।

एटीएम कार्ड बदलकर करते थे ठगी, 3 गिरफ्तार: जयपुर में 50 से ज्यादा वारदात कर चुके; पुलिस ने मेवात तक पीछा कर पकड़ा



24 न्यूज अपडेट

राजस्थान सहित चार राज्यों में एटीएम कार्ड बदलकर ठगी करने वाली गैंग के तीन बदमाशों को जयपुर पुलिस ने अरेस्ट किया है। मेवात तक पीछा करने के बाद अंतरराज्यीय गैंग के तीनों बदमाशों को प्रताप नगर थाना पुलिस ने पकड़ा है।

गिरफ्तार तीनों आरोपियों ने जयपुर शहर में एटीएम कार्ड बदलकर 50 से अधिक वारदातों को अंजाम देना स्वीकार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 27 हजार कैश, विभिन्न बैंकों के 132 एटीएम कार्ड और दो स्वैप मशीन बरामद की है।

डीसीपी (ईस्ट) संजीव नैन ने बताया- एटीएम कार्ड बदलकर लाखों रुपए ठगने वाले अंतरराज्यीय गैंग के तीन बदमाशों को अरेस्ट किया गया है। पकड़े गए तीनों बदमाश मेवात क्षेत्र के रहने वाले हैं। राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा व उत्तर प्रदेश में उनकी गैंग सक्रिय है।

एटीएम कार्ड बदलकर गैंग के बदमाश धोखाधड़ी कर रुपए निकालते हैं। जयपुर शहर में जगह-जगह घूमकर करीब 50 से अधिक वारदातों को अंजाम देना कबूल किया है। उनके पास से 27 हजार कैश, विभिन्न बैंकों के 132 एटीएम कार्ड और दो स्वैप मशीन बरामद की है।

एक दिन में करते 7-8 वारदात

डीसीपी (ईस्ट) संजीव नैन ने बताया- शहर में एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी करने के मामले लगातार बढ़ रहे थे। प्रताप नगर थाने के एसएचओ राजेन्द्र कुमार शर्मा के नेतृत्व में हेड कॉन्स्टेबल बलदेव व दशरथ और कॉन्स्टेबल शंकर, गणेश व नरेन्द्र की टीम बनाई गई। फुटेज के आधार पर पुलिस टीम ने मेवात तक गैंग के बदमाशों को पीछा किया। कॉन्स्टेबल गणेश की सूचना पर शुक्रवार रात को दबिश देकर पुलिस टीम ने तीनों बदमाशों को धर-दबोचा।

पूछताछ में सामने आया है कि गैंग के बदमाश भीड़भाड़ वाले इलाकों में स्थित एटीएम को चिह्नित करते थे। रेकी के बाद एटीएम कार्ड बदलकर धोखाधड़ी की वारदात को अंजाम देते। एक बदमाश बातों में उलझाकर एटीएम कार्ड बदलता था। दूसरा बदमाश एटीएम कार्ड के पिन नोट करता था। गैंग का तीसरा बदमाश बाहर खड़े होकर निगरानी करता था। एक दिन में 7-8 वारदातों को अंजाम देकर गैंग के बदमाश मेवात लौट जाते थे।

नेशनल हाइवे पर लूटपाट करने वाली गैंग का पर्दाफाश, तीन आरोपी गिरफ्तार - छह वारदातों का खुलासा



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। ऋषभदेव थाना पुलिस ने नेशनल हाइवे 48 पर रात के समय कार चालकों और राहगीरों से लूटपाट करने वाली गैंग का खुलासा करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पूछताछ में छह लूट और चोरी की वारदातों का खुलासा हुआ है। गिरोह के अन्य तीन सदस्य फरार हैं, जिनकी तलाश जारी है। थानाधिकारी भरत सिंह राजपुरोहित ने बताया कि 2 नवम्बर को दर्शन वेद निवासी गुड (सलूंबर) ने रिपोर्ट दी थी कि वह उदयपुर से परसाद बस से लौट रहे थे, लेकिन नींद की झपकी लगने से आम्बाघाटी मोड़ पर उतर गए। जब वह पैदल पीपली ब्रिज की ओर जा रहे थे, तभी बिना नंबर प्लेट की स्प्लेंडर बाइक पर सवार तीन युवकों ने उन्हें रोककर धारदार हथियार से हमला कर सोने की चेन, दो मोबाइल और 18 हजार रुपए लूट लिए। रिपोर्ट पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंजना सुखवाल (खेरवाड़ा) और वृत्ताधिकारी राजीव राहर के सुपरविजन में गठित टीम ने तकनीकी व मानवीय संसाधनों के आधार पर कार्रवाई करते हुए बिलख गडावत के जंगलों से तीन आरोपियों — विशाल मीणा (22), सोहनलाल मीणा (22) एवं निखिल नाथ जोगी (19) — को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने अपने अन्य साथियों अजय मीणा, साहिल मीणा और सौरभ मीणा के साथ मिलकर कई वारदातों को अंजाम दिया। इनमें हाइवे पर गुजराती परिवार से सोने की अंगूठी और नकदी लूटना, एनएच-48 पर खड़ी कार का शीशा तोड़कर 50 हजार रुपए चोरी करना, परसाद कस्बे में दुकानों के ताले तोड़ना, रिजवा घाटी पर दो व्यक्तियों से बाइक व नकदी लूटना, दर्शन वेद पर हमला कर लूट करना और मानापाड़ा गांव की किराना दुकान से नकदी व सामान चोरी करना शामिल है।

वारदात का तरीका

आरोपी रात में नशा कर दो मोटरसाइकिलों पर निकलते थे। उनके पास तलवार व चाकू होते थे। रोड किनारे खड़ी गाड़ियों या पैदल चलते लोगों को डराकर लूटपाट करते थे। लूटे हुए पैसों से शराब पार्टी और पावर बाइक रेसिंग करते थे।

पुलिस टीम में शामिलः थानाधिकारी भरत सिंह राजपुरोहित, एएसआई ईश्वरचंद, एएसआई अनिल कुमार, कांस्टेबल गजेन्द्र सिंह, शंकरलाल, मनोहरलाल, कैलाशचंद (विशेष भूमिका) एवं वीरभद्र सिंह। ऋषभदेव पुलिस की इस कार्रवाई से हाइवे पर लगातार हो रही लूट की घटनाओं पर अंकुश लगने की उम्मीद है। पुलिस अब फरार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है।

उदयपुर में मानव तस्करी विरोधी यूनिट की कार्रवाई: तीन बालिकाएं और एक बालक भिक्षावृत्ति करते हुए पकड़े गए

24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। जिला पुलिस अधीक्षक योगेश गोयल के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हितेश मेहता के मार्गदर्शन में मानव तस्करी विरोधी यूनिट ने शनिवार को भिक्षावृत्ति रोकथाम अभियान "उमंग-6" के तहत बड़ी कार्रवाई की। प्रभारी दीपिका राठौड़ के नेतृत्व में यूनिट की टीम ने थाना अम्बामाता पुलिस और बाल कल्याण अधिकारी के सहयोग से सुखाड़िया सर्कल क्षेत्र में संयुक्त कार्रवाई करते हुए तीन बालिकाओं और एक बालक को भिक्षावृत्ति करते हुए दस्तयाब किया। सभी बच्चों को रेस्क्यू कर बाल कल्याण समिति (सीडब्ल्यूसी) के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। टीम में शामिल अधिकारी व सदस्यः दीपिका राठौड़ (प्रभारी, मानव तस्करी विरोधी यूनिट), श्रीमती रेखा (स.उ.नि.), किशन सिंह (स.उ.नि., थाना अम्बामाता), सुभाष (कानि.), श्रीमती हेमलता (म.कानि.), श्रीमती निर्मला (म.कानि.) और मोहनलाल (चालक, कानि.) शामिल रहे। अभियान "उमंग-6" के तहत उदयपुर पुलिस का उद्देश्य सड़कों पर बच्चों से भिक्षावृत्ति कराए जाने पर रोक लगाना और उन्हें सुरक्षित वातावरण में पुनर्वास प्रदान करना है।

विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित



24 न्यूज अपडेट

निम्बाहेडा(कविता पारख) भारत निर्वाचन आयोग एवं निर्वाचन विभाग राजस्थान, जयपुर के निर्देशानुसार विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के अंतर्गत शुक्रवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर आलोक रंजन के निर्देशानुसार उप जिला निर्वाचन अधिकारी (अति. जिला कलक्टर) प्रभा गौतम की अध्यक्षता में औद्योगिक संस्थानों के प्रतिनिधियों की बैठक जिला कलक्टर कार्यालय सभागार में आयोजित की गई।

बैठक में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (उपखण्ड अधिकारी) चित्तौड़गढ़ एवं नायब तहसीलदार गजराज मीणा सहित विभिन्न औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इनमें भावेश सिंह, वरिष्ठ प्रबंधक, जे.के. सीमेंट, निम्बाहेड़ा एवं मांगरोल, जी.एल. शर्मा एवं श्री अजय शर्मा, नितिन स्पिनर्स, बेगूं, अनुप कुमार, हिन्दुस्तान जिंक लिमिटेड, पुठोली, कृपानंद, आदित्य बिरला सीमेंट, शंभूपुरा, कपिल व्यास एवं हेमेन्द्र सिंह झाला, वंडर सीमेंट लिमिटेड, निम्बाहेड़ा एवं एस.के. जेना, राजस्थान परमाणु विद्युत परियोजना, रावतभाटा मुख्य रूप से शामिल रहे।

बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रभा गौतम ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के उद्देश्यों एवं कार्यप्रणाली की जानकारी देते हुए बताया कि 4 नवम्बर से 4 दिसम्बर 2025 तक बूथ लेवल अधिकारी (ठस्व्) घर-घर जाकर गणना प्रपत्र का वितरण कर रहे हैं। इस प्रक्रिया में औद्योगिक संस्थानों का सहयोग आवश्यक है, ताकि संस्थानों में कार्यरत कार्मिकों एवं उनके परिवारजनों का नाम मतदाता सूची में सही रूप से दर्ज हो सके।

उन्होंने उपस्थित प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि वे अपने संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों को कार्यक्रम की जानकारी दें तथा प्रत्येक यूनिट से 2-3 कर्मियों को वालंटियर के रूप में नामित करें, जो अपने क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारियों को सहयोग प्रदान कर सकें। साथ ही, उनके कॉलोनी या क्वार्टर क्षेत्रों से स्थानांतरित या सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों की जानकारी भी संबंधित ठस्व् को समय-समय पर उपलब्ध कराएं।

बैठक में प्रतिनिधियों ने अपने-अपने संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों की मतदाता सूची मैपिंग कार्यवाही शीघ्र पूर्ण करवाने, स्थानांतरित होने वाले कर्मचारियों की सूची नियमित रूप से उपलब्ध कराने तथा ठस्व् को सहयोग हेतु कार्मिक नियुक्त करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर निर्वाचन विभाग द्वारा तैयार की गई जानकारी पुस्तिका एवं फॉर्म वितरण की कार्यप्रणाली पर भी चर्चा की गई।



आत्मा के उन्नति और निर्मलता से जीवन उत्थान संभव : आचार्य महाश्रमण



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 8 नवम्बर। तेरापंथ धर्मसंघ के एकादशम अधिशास्ता आचार्य महाश्रमण अपनी धवल वाहिनी के साथ लम्बे-लम्बे डग भरते हुए मेवाड़ की ओर अपने चरण बढ़ा रहे है। जैसे-जैसे आचार्य संग के श्री मेवाड़ जैन श्वेताम्बर तेरापंथी कांफ्रेंस के अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत ने बताया कि 8 नवम्बर को प्रातः जैन तीर्थ स्थल लब्धि धाम से लगभग 13 किलोमीटर का विहार कर ताजपुरा स्वामीनारायण इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग पहुंचे। आचार्य संघ के विहार के दौरान मार्ग में जगह- जगह श्रावक-श्राविकाओं द्वारा स्वागत किया जा रहा है। आचार्य महाश्रमण अपनी धवल वाहिनी के साथ अगला पड़ाव 9 नवम्बर को अवर ऑन हाई स्कूल प्रांतिज में होगा।

इस दौरान ताजपुरा स्वामीनारायण विश्व मंगल गुरुकुल में आयोजित संत सम्मेलन में आचार्य महाश्रमण ने उपस्थित विद्यार्थियों को प्रेरणा देते हुए कहा कि मनुष्य के जीवन में चार तत्वों का होना आवश्यक है। ज्ञान, दर्शन, चारित्र व तप, ज्ञान से पदार्थों को मनुष्य जानता है। दर्शन से श्रद्धा करता है, चारित्र से परम के आगमन को रोकता है और तप से आत्मा की शोधन करता है। विद्यार्थियों को आध्यात्मिकता का ज्ञान देना भी आवश्यक है। अहिंसा, ईमानदारी, सदसंस्कारों व आध्यात्मिकता से विद्यार्थियों का सर्वांगिण विकास किया जा सकता है। आज के समय में संस्कार युक्त शिक्षा बहुत आवश्यक है। संतों से संतों का मिलना परम सुखकारी होता है। धर्म के साथ -साथ ज्ञान का भी आदान-प्रदान होता है। साधु तो तीर्थ के समान होते है, साधुओं के दर्शन करने से भी पाप कारी प्रवर्तिया नष्ट हो सकती है। मनुष्य जीवन में सद्भावना, नशा मुक्ति, नैतिकता, धार्मिक चैतना रहे तो मानव जीवन गृहस्थ में रहते हुए भी सफल हो सकता है।

इस अवसर पर स्वामीनारायण सम्प्रदाय के प्रेम स्वरूप स्वामी महाराज ने स्वामीनारायण विश्व मंगल गुरुकुल परिसर में आचार्य महाश्रमण का स्वागत करते हुए अपनी बात में कहां कि जैन सम्प्रदाय व स्वामी नारायण सम्प्रदाय एक लिंक पर जुड़ा हुआ है वह है अहिंसा। मनुष्य को हिंसात्मक प्रवृति से यथा संभव बचना चाहिए। अंत में उपस्थित श्रावक समाज को मंगल पाठ का श्रवण करवाया।

स्वामीनारायण विश्व मंगल गुरुकुल ताजपुर के प्रेम स्वरूप स्वामी महाराज, अनूप स्वामी महाराज, सत्यम स्वरूप स्वामी महाराज, प्रियदर्शन स्वामी महाराज, घनश्याम स्वामी, परिसर के मेनेजिंग डायरेक्टर भाविक गजल, रविन्द्र माली, वनराज का साहित्य समर्पण, उपरणा व स्मृति चिन्ह द्वारा गौतम बापना, सूरजमल इंटोदिया, देवेन्द्र मेहता, महेन्द्र बोहरा, विक्रम पगारिया, सुनील मूणोत, विनोद माण्डोत, सुन्दरलाल हिरण, सुरेश चन्द्र दक द्वारा अभिनंदन किया गया।

मार्ग सेवा में किशनलाल डागलिया, राजकुमार फत्तावत, भूपेन्द्र चोरडिया, कमलेश कच्छारा, सूर्यप्रकाश मेहता, आमेट तेरापंथ समाज के लाभचंद हिंगड, महेन्द्र बोहरा, देवेन्द्र मेहता, सुन्दरलाल हिरण, धूलचंद हिरण, शांतिलाल छाजेड़, जवाहर डांगी, जतन देवी बम्ब, संतोष देवी हिरण, उमा देवी हिरण, भंवर देवी छाजेड़ व मंजू देवी मादरेचा, सुरेश चोरडिया, राजेश खाब्या, सुनील कोठारी आदि आचार्य संघ की मार्ग सेवा में सहभागी रहे।

कलाल महासभा मेवाड़ के महा अधिवेशन से पूर्व महिला सम्मेलन में सशक्तिकरण पर हुआ मंथन



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। कलाल महासभा मेवाड़ राजस्थान के महा अधिवेशन से पूर्व आयोजित भव्य महिला सम्मेलन में समाज के प्रत्येक वर्ग की महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह पहला अवसर रहा जब देश के विभिन्न प्रदेशों के साथ ही अन्य देशों से भी महिलाएं इस सम्मेलन में शामिल हुईं। सम्मेलन में महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, रोजगार, सामाजिक नेतृत्व और परिवार-समूह में सहभागिता पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

राष्ट्रीय युवा अध्यक्ष राजा चौधरी ने बताया कि शनिवार को आयोजित महिला सम्मेलन को राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष एवं यूपी सरकार में पूर्व मंत्री रही एवं वर्तमान विधायक अनुपमा जायसवाल ने संबोधित करते हुए कहा कि समाज की महिला जब शिक्षित, संगठित और जागरूक होकर आगे बढ़ेगी, तो उसकी प्रत्येक आहुति राष्ट्र निर्माण का आधार बनेगी। उन्होंने समाज की महिलाओं से शिक्षा, सेवा और नेतृत्व में सक्रिय कदम बढ़ाने का आह्वान किया।

सम्मेलन में विशिष्ट अतिथि के रूप में यह शामिल रहे

अखिल भारतीय जयसवाल कलाल महासभा के संरक्षक एवं बड़ीसादड़ी विधायक प्रकाश चौधरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष रामकिशोर पापा मोदी, राष्ट्रीय संरक्षक प्रदीप जायसवाल एवं अशोक जायसवाल, राष्ट्रीय महासचिव शैलेंद्र जायसवाल, राष्ट्रीय महिला अध्यक्ष अनुपमा जायसवाल, राष्ट्रीय महिला महासचिव माया सुहालका, राष्ट्रीय युवा महासचिव नितेश जायसवाल, प्रदेश अध्यक्ष कन्हैयालाल पारित, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष नारायण पटेल, लोकेश चौधरी, किशनलाल, भेरूलाल कलाल सहित अनेक गणमान्य सदस्य उपस्थित रहे।सम्मेलन में उपस्थित महिलाओं ने समाज में शिक्षा, एकता और नेतृत्व को बढ़ावा देने का संकल्प लिया।

श्री लक्ष्मीनारायण भगवान ठाकुर जी का अन्नकूट महोत्सव



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर, 8 नवम्बर। श्री लक्ष्मीनारायण युवा परिषद एवं श्री लक्ष्मीनारायण औदिच्य समाज ट्रस्ट पाणुन्द की ओर से रविवार 9 नवम्बर को लक्ष्मीनारायण भगवान ठाकुरजी को छप्पन भोग का अन्नकूट धराया जाएगा।

संस्थापक हीरालाल गोकलावत एवं परिषद अध्यक्ष जमनाशंकर धुलावत ने बताया कि श्री भगवान लक्ष्मीनारायण का 12वां भव्य अन्नकूट महोत्सव समारोह रविवार 09 नवम्बर को श्री लक्ष्मीनारायण भगवान मंदिर पाणून्द में धूमधाम से मनाया जाएगा। पूर्व अध्यक्ष बंशीलाल पतावत, नारायण हीरावत व पूर्व कोषाध्यक्ष डालचंद बोरीवाला के निर्देशन में अलग-अलग समितियों के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने शहर में औदिच्य समाज के घर-घर जाकर पीले चावल एवं निमंत्रण पत्रिका बांटे एवं तैयारियों को अंतिम रूप दिया। वही समाज जनों को इस आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में आने का आह्वान किया। पाणुन्द अन्नकूट आयोजन में जाने के लिए रविवार 9 नवम्बर सुबह 11 बजे हिरण मगरी सेक्टर 3 स्थित नेमिनाथ कॉलोनी के बाहर 100 फीट रोड से बसों द्वारा रवाना होगे। वही कार्यक्रम की समाप्ति पर पुनः बसों द्वारा पाणुन्द से उदयपुर के लिए रहना होंगे।

कोषाध्यक्ष मांगीलाल पतावत व भोपाजी गणेशलाल औदिच्य ईडाणा ने बताया कि रविवार 9 नवम्बर को गांव में विशाल शोभायात्रा के साथ नाचते-गाते हुए मंदिर प्रांगण पहुंचेंगे जहां ठाकुरजी को 56 भोग धराया जाएगा। छप्पन भोग की शोभायात्रा शंकरलाल भरत कुमार, नारायण, प्रकाश हीरावत के घर से निकाली जाएगी। उसके बाद कानोड़ के प्रसिद्ध भजन गायक रामजी राव एवं टीम द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। लेकसिटी यूट्यूब के माध्यम से सीधा प्रसारण भी किया जाएगा। वहीं पाणुन्द में समाज नोहरा निर्माण में सहयोग करने वाले भामाशाहों तथा वरिष्ठजनों को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही वर्ष 2025 में 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले 12वीं व दसवी कक्षा के विद्यार्थियों एवं अन्य शैक्षणिक गतिविधियों में अव्वल रहने वाले समाजजनों को भी सम्मानित किया जाएगा। उसके बाद भक्ति-संगीत संध्या, आरती एवं महाप्रसाद का वितरण का आयोजन होगा। भगवान लक्ष्मीनारायण जी को विशेष वेशभूषा का श्रृंगार भी किया जायेगा।

वरिष्ठजनों का सम्मानः स्वरांजलि ग्रुप और तारा संस्थान ने बुजुर्गों के चेहरे पर खिलाई मुस्कान



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर। स्वरांजलि म्यूजिक ग्रुप एवं तारा संस्थान उदयपुर के संयुक्त तत्वावधान में सेक्टर 14 स्थित मां द्रौपदी आनंद वृद्ध आश्रम में वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान समारोह आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 56 वरिष्ठजनों को पगड़ी, उपरणा और सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। संस्थान की अध्यक्षा कल्पना गोयल और दीपेश मित्तल के मार्गदर्शन में हुए इस आयोजन में संयोजक मोहन सोनी, अलका जैन, अनीता शर्मा और सतीश कलाल ने मुख्य भूमिका निभाई। तारा संस्थान की ओर से स्वरांजलि ग्रुप को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई, जिसके बाद स्वरांजलि ग्रुप के कलाकारों — विकास स्वर्णकार, सुशील वैष्णव, योगेश उपाध्याय, गजेंद्र सोनी, नेहा वैष्णव, क्षितिज चूलेट, गौरव स्वर्णकार, मोहन सोनी और नूतन बेदी — ने एक से बढ़कर एक गीत प्रस्तुत किए। सम्मानित वरिष्ठजनों में प्रमुख रूप से पी.एस. चौहान (रिटायर्ड जज), मोहन सोनी (रिटायर्ड तहसीलदार), दिनेश अग्रवाल (रिटायर्ड एक्सईएन), पंकज जानी (रिटायर्ड लेखा अधिकारी), चंद्रकांता बंसल (रिटायर्ड प्राचार्या), हीरालाल पालीवाल, इकबाल खान, गोपाळ वर्मा, अमृतलाल सेठिया, चंद्रशेखर पांडे, ललित स्वर्णकार, निरमला स्वर्णकार, गिरीश उपाध्याय, कपिला उपाध्याय, विष्णु वैष्णव, कैलाशचंद्र जैन, पुष्पा पालीवाल, नूतन बेदी, गीता टाक, बसंती देवी, अमिता जानी, हरीश जोशी, खुमाण उपाध्याय, जयश्री जोशी, लीलाराम जोशी, राजेंद्र प्रसाद त्रिवेदी आदि शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन मोहन सोनी ने किया, वहीं अलका जैन ने तारा संस्थान की गतिविधियों की जानकारी दी। समापन पर सभी वरिष्ठजनों एवं अतिथियों के लिए स्नेहभोज का आयोजन किया गया।

खेरवाड़ा में "एक शाम स्वदेशी के नाम" विराट कवि सम्मेलन, सांसद रावत व मंत्री खराड़ी का हुआ सम्मान



24 न्यूज अपडेट

खेरवाड़ा। आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत शुक्रवार देर शाम कस्बे के बस स्टैंड पर "एक शाम स्वदेशी के नाम" विराट कवि सम्मेलन का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम संयुक्त व्यापार महासंघ के बैनर तले महासंघ अध्यक्ष एवं भाजपा देहात जिला मंत्री अमित कलाल के जन्मदिन के अवसर पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य "हर घर स्वदेशी – घर-घर स्वदेशी" का संदेश आमजन तक पहुंचाना रहा। कवियों ने अपने काव्य पाठ के माध्यम से "वोकल फॉर लोकल" का अर्थ समझाते हुए देशवासियों से स्वदेशी उत्पाद अपनाने और देश को आत्मनिर्भर बनाने का आह्वान किया। कवि सम्मेलन का संचालन प्रसिद्ध हास्य कवि बलवंत बल्लू ने किया। मंच पर भीलवाड़ा के योगेंद्र शर्मा, मुंबई के हास्य कवि सुनील व्यास, मथुरा के गीतकार कवि परवाना अजमेरी, दिल्ली के डॉ. आदित्य जैन, नाथद्वारा के लोकेश महाकाली, चित्तौड़गढ़ की श्रृंगार रस कवयित्री दीपिका माही, इटावा (यूपी) के वीर रस कवि गौरव चौहान और उदयपुर के गीतकार एवं हास्य कवि आजाद शत्रु ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। कवियों ने हास्य, श्रृंगार, वीर रस और देशभक्ति से ओतप्रोत कविताओं से श्रोताओं को देर रात तक बांधे रखा। वीर रस कवि गौरव चौहान ने देशभक्ति का जज्बा जगाया तो बलवंत बल्लू और सुनील व्यास की हास्य कविताओं ने श्रोताओं को ठहाकों से लोटपोट कर दिया। विशेष रूप से उपस्थित जनजाति विकास मंत्री बाबूलाल खराड़ी, उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत, भाजपा देहात जिला अध्यक्ष पुष्कर तेली, पूर्व सांसद अर्जुनलाल मीणा, पूर्व विधायक नानालाल अहारी, भाजपा देहात जिला महामंत्री ललित सिंह शिशोदिया, पूर्व उप जिला प्रमुख सुंदरलाल भानावत, पूर्व प्रधान अमृतलाल डामोर एवं खेरवाड़ा सरपंच व भाजपा देहात जिला मंत्री लक्ष्मी अहारी मंचासीन रहे। व्यापार महासंघ की ओर से सांसद डॉ. मन्नालाल रावत का नागरिक अभिनंदन किया गया। उनके प्रयासों से राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर एलिवेटेड ब्रिज निर्माण की लंबित मांग पूरी होने जा रही है। इस अवसर पर महासंघ पदाधिकारियों द्वारा पगड़ी पहनाकर, ऊपरना ओढ़ाकर और अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मान किया गया। इसके अलावा समारोह में अमित कलाल को भी जन्मदिन पर अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया गया। मंच पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं व्यापार महासंघ के पदाधिकारियों ने उन्हें शुभकामनाएं दीं। अभिनंदन समारोह का संचालन भाजपा खेरवाड़ा मंडल अध्यक्ष हेमंत मेहता ने किया, जबकि कवि सम्मेलन मंच हास्य कवि बलवंत बल्लू को सौंपा गया। व्यापार महासंघ के पदाधिकारी, सदस्य, व्यापारी वर्ग, जनप्रतिनिधि एवं आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। बस स्टैंड परिसर श्रोताओं से खचाखच भरा रहा। समारोह के समापन पर अमित कलाल परिवार की ओर से सभी अतिथियों, कवियों एवं श्रोताओं का आभार प्रकट किया गया।

महाराणा प्रताप सेना ने किया अज्ञात महिला का अंतिम संस्कार



24 न्यूज अपडेट

महाराणा प्रताप सेना को खेरोदा थाना पुलिस द्वारा सूचना मिली कि उदयपुर के निकट खेरोदा क्षेत्र में अज्ञात महिला का शव हाईवे पर मिला है ,शव महाराणा भूपाल हॉस्पिटल की मोर्चरी से आज दिनांक 8अक्टूबर 2025 को महाराणा प्रताप सेना को सौपा गया था जिसका अशोक नगर मोक्ष धाम पूर्ण विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया गया इस सेवा कार्य में महाराणा प्रताप सेना के संस्थापक मोहन सिंह राठौड़, भरत साहू, अरुण शर्मा, अमित जैन , राजेन्द्र राम जीमहाराज उपस्थित थे ।।

उदयपुर के 30 कराटे खिलाड़ी आज दिखाएंगे दम



24 न्यूज अपडेट

24 न्यूज अपडेट, उदयपुर। उदयपुर मार्शल आर्ट्स एकेडमी के 30 खिलाड़ी आज 9 नवंबर को एमपीयूएटी कैंपस के इंडोर स्पोर्ट्स हॉल में होने वाली प्रथम रे कप स्टेट कराटे चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। एकेडमी के संस्थापक व मुख्य प्रशिक्षक सेंसई पंकज चौधरी ने बताया कि सभी खिलाड़ी पूरी तैयारी और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में उतरेंगे। बालिका वर्ग की खिलाड़ीः युवाक्षी देवड़ा, दिक्षु चौधरी, हरिका यादव, तन्वी पंड्या, अर्पिता शर्मा, दिया मेनारिया, आरुषि तावड, प्लाक्षा विश्नोई, अक्षिता वर्मा, तन्वी गुर्जर, उमा सुथार, लक्षिता सुथार, लक्षिता सालवी और आराध्या सेन। बालक वर्ग के खिलाड़ीः भव्यांश मेनारिया, जयांश मेनारिया, सुर्यांश नागदा, अथर्व नागदा, संयम पटेल, आराध्य चौधरी, ऋषभ मोग, युवान पालीवाल, दिलीप सिंह सारंगदेवोत, प्रिंस चौधरी, सक्षम नागदा, उत्कर्ष मेनारिया, भव्यांशु सिंह, हीत वर्मा, कार्तिक धिंग और मुकुंद पटेल। रेफरी की जिम्मेदारी करण मेनारिया और पुनीत मेनारिया निभाएंगे, जबकि टीम को प्रशिक्षित कर रहे हैं भावेश चौधरी और दिविज सोलंकी। सभी खिलाड़ी पदक जीतकर उदयपुर का नाम रोशन करने के लिए उत्साहित हैं।

हार्ट अटैक और लकवा जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव के लिए सभी को अब संभलना होगा - डॉ. नरेंद्र गुप्ता



24 न्यूज अपडेट

चित्तौड़गढ़. जिले में प्रयास सामाजिक सुरक्षा परियोजना के तहत 6 से 15 नवम्बर तक विभिन्न गांवों में निःशुल्क बीपी, शुगर जांच और परामर्श शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम समन्वयक रामेश्वरलाल शर्मा ने बताया कि ये शिविर घटियावली, उदपुरा, नेतावलगढ़ पाछली, एराल सहित कई ग्राम पंचायतों में आयोजित हो रहे हैं, जिनमें बड़ी संख्या में ग्रामीण जांच करवा रहे हैं।

सामुदायिक स्वास्थ्य वैज्ञानिक डॉ. नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि बीपी और शुगर जैसी गैर-संचारी बीमारियां आज गांव-गांव में तेजी से फैल रही हैं। उन्होंने कहा — "जिनका बीपी या शुगर बढ़ा होता है, उन्हें कभी भी हार्ट अटैक या लकवा हो सकता है।" उन्होंने लोगों से समय पर जांच करवाने, खान-पान में सावधानी बरतने और नशे से दूर रहने की अपील की। डॉ. गुप्ता ने बताया कि नमक, शराब, तंबाकू, गुटखा और प्रोसेस्ड फूड से परहेज करते हुए रोजाना 30 मिनट व्यायाम करना चाहिए। इन शिविरों में आशा सहयोगिनी, एएनएम, सीएचओ प्रयास के माधव लाल मेघवाल, रामचंद्र भील सहित कई स्वास्थ्यकर्मी संदर्भ सेवाएं दे रहे हैं।

गुरुदेव पंन्यासप्रवर भद्रंकर विजयजी की 96वीं दीक्षा तिथि मनाई



24 न्यूज अपडेट

उदयपुर,8 नवम्बर।जैनाचार्य विजय रत्नसेन सूरीश्वरजी आदि साधु साध्वीजी की शुभ निश्रा में महावीर विद्यालय-चित्रकुट नगर-उदयपुर में सामुहिक उपधान तप बडे, हर्षोल्लास के साथ चल रहा है। शनिवार को गुरुदेव अध्यात्मयोगी पूज्यपाद पंन्यास प्रवर भद्रंकर विजयी म.सा. की 96 में दीक्षा तिथि निमित्त गुरुगुण गुणानुवाद सभा का आयोजन हुआ । धर्मसभा में उनके गुणों का वर्णन करते हुए जैनाचार्य ने कहा कि :-दुनिया के सभी जीव भौतिक सुखों के पीछे पागल है। परंतु संसार का भौतिक सुख जहर के लड्डु के समान है, जो प्रारंभ में तो मधुर और प्रिय लगता है परंतु आगे चलकर वही भौतिक सुख आत्मा के पतन का कारण बनता है। पूज्य गुरुदेव श्री के जीवन में क्षमा, नम्रता, सरलता, संतोष निःस्पृहता आदि अपार गुणो से भरा था। पद और प्रतिष्ठा से वे सदैव दूर रहते थे। अनेक बार उन्हें पूज्य वडिल गुरुभगवंतों के द्वारा आचार्य पद पर प्रतिष्ठीत करने के लिए प्रयत्न किया गया परंतु पद के प्रति निःस्पृहता से वे पद स्वीकार के लिए निषेध कर मात्र आत्मकल्याण हेतु आशीर्वाद की प्रार्थना करते थे अनेक आचार्य भगवंत उन्हें वंदन करके हितशिक्षा की प्रार्थना करते थे।

24 न्यूज़ अपडेट- डिजिटल संस्करण स्वामित्व एवं प्रसारण ग्रुप के लिए करण सिंह देवड़ा द्वारा ई-न्यूज पेपर के फारमेट में प्रसारित प्रधान सम्पादक - सुशील जैन फोन .88520 73787, desk24newsupdate@gmail.com सर्वविवादों का न्याय क्षेत्र उदयपुर रहेगा ।